तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 7 अप्रैल 2024



13 माता कर्मा की मांग को भगवान जगन्नाथ ने बालरूप धारण कर पूरा किया : चंद्रशेखर




14 पीने के पानी के लिए ग्रामीणों ने खाली बर्तन लेकर किया जमकर प्रदर्शन











# सुपेबेड़ा में पीड़ितों की देखभाल के लिए मेडिकल अफसर, दो सीएचओ 24 घंटे रहेंगे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

## सीएमएचओं डॉ. गार्गी ने सुपेबेड़ा पीड़ितों के इलाज के संबंध में ली जानकारी



सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी से एक और मौत



पूरे प्रदेश में किडनी बीमारी से प्रभावित ग्राम के नाम से जाने जाना वाला गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा में शनिवार को नवनियुक्त सीएमएचओ डॉक्टर गार्गी यदु पहुंची। इस दौरान उन्होने पूरे ग्राम का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से चर्चा किया पीड़ित लोगों से भी चर्चा की। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान उन्होंने डॉक्टर गार्गी यदु ने कहा कि इलाज में कमी न आए, इसके लिए जल्द ही एम्स के साथ अनुबंध करेंगे। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों को पेरिटोनियल डायलिसिस किट भी सौंपा। जिले के नई सीएमएचओ डॉक्टर गार्गी यदु पदभार संभालने के बाद आज सुपेबेड़ा पहुंचकर पीड़ितों के हालात का जायजा लिया। लंबे समय बाद किसी प्रशासनिक अफसर को अपने बीच पाकर पीड़ितो ने सभी समस्याओं को एक-एक कर बताया। पीड़ितों ने समय पर दवा नहीं मिलने की भी शिकायत की। समस्या सुनने के बाद सीएमएचओ ने मौके पर मौजूद मातहतों को जरूरी निर्देश दिया, उन्होंने साथ ही बताया कि अब पीड़ितों की देखभाल के लिए सुपेबेड़ा में मेडिकल अफसर, दो सीएचओ 24 घंटे उपस्थित रहेंगे। इसके साथ पेरिटोनियल डायलिसिस सुविधा ले रहे किडनी रोगी के घर पहुंच उनका हाल भी जाना। सीएमएचओ ने कहा कि किडनी रोगियों को बेहतर व सुचारू सुविधा मिल सके, उसके लिए हम एम्स से अनुबंध की प्रक्रिया को जल्द ही पूरी करेंगे, जिससे एक्सपर्ट से सही व उचित इलाज मिल सके, सीएमएचओ ने सुपेबेड़ा के बाद देवभोग अस्पताल ▶▶| शेष पेज 13 पर

### सुपेबेडा के ग्रामीणों को सीएम साय से उम्मीद

ग्राम सुपेबेडा के ग्रामीणों ने कहा कि अब तक सिर्फ सुपेबेडा के ग्रामीणों को आश्वासन ही मिला है गांव में रोजगार की कमी है और कीडनी बीमारी से लगातार मौत होने के कारण 40 प्रतिशत महिलाये विधवा है, जिनके छोटे- छोटे बच्चे है लेकिन रोजगार के कोई साधन नहीं है और तो और गांव में मनरेगा योजना का भी काम बंद है। उन्होने कहा कि छोटे - छोटे बच्चों के पालन पोषण के लिए यहा के ग्रामीणों के लिए कुटीर उद्योग लघु उद्योग का स्थापना किया जाना चाहिए साथ ही गांव में आश्रम छात्रवास का निर्माण होना चाहिए। जिसमें बच्चों को भोजन के साथ रहने और पढाई करने की व्यवस्था हो। छत्तीसगढ के नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार से ग्रामीणों को शुध्द पेयजल और सुपेबेडा में सुविधा उपलब्ध कराने की उम्मीद है।

# कलेक्टर ने 11 मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**राजिम।** शनिवार को कलेक्टर दीपक अग्रवाल राजिम पहुंचे। यहां उन्होने 11 मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिले में तैयारी जारी है इसी तारतम्य में कलेक्टर राजिम पहुंचे थे। बता दें कि राजिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजिम नगर के 11 मतदान केंद्रों का उन्होने औचक निरीक्षण भी किया। वे सबसे पहले शासकीय प्राथमिक शाला नवीन भवन राजिम भाग अ, ब एवं स, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम रामविशाल पाण्डे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम कक्ष क्रमांक 1 एवं 2, कन्या प्राथमिक शाला भवन राजिम भाग अ एवं ब, शासकीय प्राथमिक शाला भवन दमोवापारा राजिम, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम रामविशाल पाण्डे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम एवं देवी सम्पद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवन राजिम पथर्रा भाग स एवं द मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि मतदान केंद्रो में सभी सुविधाएं बिजली, पानी, शौचालय आदि क्रियाशील रहे, जिससे मतदाताओं को मतदान करने में सहूलियत हो। इस दौरान तहसीलदार अजय चंद्रवंशी सहित बूथ लेवल अधिकारीगण मौजूद रहे।

■ मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं का लिया जायजा

## मतदान केंद्रों में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएं

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजिम के मतदान केंद्रों में पहुंचकर सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों में सुनिश्चित की गई। आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे रैम्प, लाईट, साइन बोर्ड, शेड सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किये गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से मतदाताओं की जानकारी लेकर सभी मतदाताओं को जागरूक कर 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

# पुलिस प्रेक्षक ने सट्रांग रूम का किया औचक निरीक्षण



**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक आईपीएस एम. राकेश चन्द्र कलासागर ने विगत शाम गरियाबंद पहुंचकर निर्वाचन तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने गरियाबंद के मंडी परिसर पहुंचकर स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। पुलिस प्रेक्षक श्री कलासागर ने वहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। स्ट्रांग रूम में मतदान सामग्रियों को चौबीसों घंटे कड़ी सुरक्षा निगरानी में रखा गया है। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरा एवं बेरिकेटिंग सहित सुरक्षा जवान भी तैनात किए गए है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश गोलछा, संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत, एसडीएम गरियाबंद श्री विशाल महाराणा, एआरओ द्वय अर्पिता पाठक, हितेश पिस्दा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।




## खबर संक्षेप

### बस्तरहीन दंतेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारी



**महासमुंद।** ग्राम कनेकेरा स्थित शिव मंदिर एवं माता बस्तरहीन दंतेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जाएगी। चैत्र शुक्ल पक्ष एक 9 अप्रैल को 11.30 बजे से 12.24 बजे तक ज्योति कलश स्थापना की जाएगी। 13 अप्रैल को पंचमी श्रृंगार पूजा एवं 16 अप्रैल अष्टमी को हवन पूजन एवं नौ कन्या भोज एवं भंडारा का आयोजन किया गया है।

### महुआ शराब जब्त, आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने ग्राम बिहाझर की गली से आरोपी तुलाराम रात्रे पिता भगनु रात्रे (37) के कब्जे से 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त किया है। इसी तरह कोमाखान पुलिस ने महलपारा टेका टुहलू के पास आरोपी शिवानंद ठाकुर पिता मथामणि (36) के कब्जे से 14000 एमएल महुआ शराब कीमत 2800 रुपए को जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### दाऊलाल बने कांग्रेस के निर्वाचन अभिकर्ता

**महासमुंद।** इंडियन नेशनल कांग्रेस के महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के निर्वाचन अभिकर्ता के रूप में दाऊलाल चंद्राकर की नियुक्ति की गई है।

### महामाया सिद्ध शक्तिपीठ में नवरात्र महोत्सव 9 से

**महासमुंद।** नगर के कुल देवी मां महामाया सिद्ध शक्तिपीठ मंदिर में 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक चैत्र नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया गया। यहां मनोकामना ज्योति प्रज्चलित की जाएगी। 9 अप्रैल मंगलवार को पूर्वान्ह 11:36 से दोपहर 12:24 बजे कलश स्थापना एवं पूजन कार्यक्रम होगा। 13 अप्रैल शनिवार को पंचमी पूजन, 15 अप्रैल को सप्तमी, 16 अप्रैल को अष्टमी पर हवन पूजन एवं 17 अप्रैल नवमीं को कन्या पूजन एवं भंडारा का आयोजन किया गया है।

### छात्रों को खाते में जारी की गई व्यवसायिक शिक्षा की राशि

**नर्रा।** शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में समग्र शिक्षा के तहत संचालित व्यवसायिक शिक्षा के ट्रेड ऑटोमोटिव एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर के कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों को दस दिवसीय इंटर्नशिप कराया गया था। जिसके लिए 79 विद्यार्थियों के लिए समग्र शिक्षा रायपुर से प्रति छात्र 1300 रुपए की राशि प्राप्त हुई थी। जिसे 30 मार्च को पीएफएमएस के माध्यम से सीधे लाभार्थी छात्रों के बैंक खाते में भेजा गया। ट्रेड के प्रशिक्षक अरविंद ठाकुर और जयंत साहू ने बताया कि समग्र शिक्षा रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार पारदर्शिता के लिए छात्रों को राशि पीएफएमएस के माध्यम से सीधे जारी कर दी गई है। इंटर्नशिप पूरा करने वालो 79 छात्रों को इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया है।

### दो लोगों से मारपीट जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पुलिस ने मारपीट के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। तुमगांव पुलिस ने कमलेश खैरवार पिता स्व. बुधुराम (33) रायकेरा निवासी के साथ घर जाते समय रास्ता रोककर मो. आरिख पिता मो. अरमान (30) रायकेरा ने गाली गलौज करते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी पर धारा 341, 294, 323, 506 के तहत अपराध कायम किया गया है। दूसरे मामले में बसना पुलिस ने हबिलाल साव पिता सुदामा (32) वार्ड नं 4 बसना को आरोपी हेमंत साव पिता शोभित साव (40) वार्ड नं 4 ने गाली गलौज करते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

# विद्यार्थियों ने सायकल रैली निकाल कर मतदान करने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला कलेक्टर गरियाबंद दीपक कुमार अग्रवाल जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार रीता यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद नोडल अधिकारी बुद्धविलास सिंह के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में इसी कार्यक्रम के तहत गरियाबंद जिले के में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य और 18 वर्ष की उम्र के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्य क्रम चलाया जा रहा है जिसमें आज स्कूली छात्र -छात्राओं द्वारा सायकल रैली




निकाल कर लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर ब्लॉक नोडल अधिकारी पूरन लाल साहू ने कहा कि लोकतंत्र को हम हल्के में नहीं ले सकते यह एक बहुमूल्य और आवश्यक प्रणाली है जो हमें अपने सामूहिक भविष्य को आकार देने में भाग लेने का अधिकार देता हैं।इसलिए मतदान अवश्य करना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि वोट देने का अधिकार लोकतंत्र के आधारशिलाओ में एक है जो व्यक्तियों को निर्णय लेने की प्रक्रियाओ में अपनी बात कहने का अधिकार देता है।वोट देने के अधिकार का प्रयोग करके हम समानता,स्वतंत्रता और जवाबदेही के सिद्धांतों को कायम रखने वाले लोकतांत्रिक ढांचे में भी योगदान करते हैं अत सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए।

**आयोजन : भक्त माता कर्मा जंयती पर साहू समाज द्वारा बोड़की में कलशयात्रा निकाली गई**

# इच्छा शक्ति, दृढ़ संकल्प व निरंतर प्रयास से मिलती है सफलता : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

साहू समाज परिक्षेत्र बेलर के के तत्वावधान में शुक्रवार को भक्त माता कर्मा जंयती का आयोजन किया गया। साहू समाज द्वारा ग्राम बोडकी में कलशयात्रा निकाली गई। जहां समाज की महिलाएं शामिल हुई। जिसकी घर के सामने में पूजा अर्चना की गई। इसके बाद मुख्यातिथि, आगन्तुक आमंत्रितों का स्वागत उद्बोधन हुआ। लोगों के मनोरंजन के लिए मंच सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मां कर्मा की सामुहिक महाआरती भी की गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू थे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि आप विधायक बनाया तो आपके अपेक्षानुरूप किसान के आवाज को उठाने एंव क्षेत्र के समस्या का समाधान करने का हर सम्भव खरा उतरने का प्रयास कर रहा हूं। दृढ ईक्छा शक्ति को कभी खत्म मतो करो दृढ ईक्छा शक्ति जब तक जीवित रहेगा सफलता मिलता रहेगा। विधायक ने युवाओं से आह्वान किया कि अपने इक्छा शक्ति प्रबल रखिये उन मुकाम तक पहुंचेगें जहां आपकी चाहत है। उन्होंने अब विधायक के बाद मंत्री बनने की राह में बढ़ने की बात कही है। ये सब साहू समाज की एकता की ताकत है। आगे कहा समाज के माता- पिता की सेवा के लिए समय जरूर देना चाहिए। इन दोनों के आशिर्वाद के बिना कुछ भी सम्भव नहीं है।





### विभिन्न पदों में रहकर दायित्वों का निर्वहन किया : विधायक

मैं भी मेरे पिता जी के साथ में लम्बे समय से समाज के बीच में आना -जाना है। इस बीच समाज के रीति- नीति रिवाज को समझा है। भक्त माता राजिम, कर्मा माता के आशीर्वाद से पहली अध्यक्ष बनने का सौभाग्य मुझे मिला था। इसके बाद से परिक्षेत्र, तहसील, जिला साहू समाज में विभिन्न पदों में रहकर उन दायित्वों का निर्वहन किया है। वर्तमान में मुझ जैसे से छोटे किसान के बेटा, छोटे से गांव का रहवासी, छोटे से कार्यकर्ता को इतना बड़ा जिम्मेदारी मिला है। समाज के प्रति अच्छा विचार हो, समर्पण की भाव हो जिसमें सर्व समाज का हित जुड़ा हो। कहीं न कहीं ये सब गुण आपके आशीर्वाद से हो पा रहा है। जयंती सभा का मंच संचालन परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रवीण साहू ने किया। सभा को जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, जिला साहू समाज अध्यक्ष नारायण साहू, सरक्षंक रामू राम साहू, पूर्व राममस अध्यक्ष महेन्द साहू कूंजन साहू ने अपने सम्बोधन में भक्त माता कर्मा की महिमा का बखान किया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम का मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू जिला, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, साहू समाज जिला अध्यक्ष नारायण साहू, तहसील अध्यक्ष रामजी साहू, जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, बेलर साहू समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रवीण साहू, उपाध्यक्ष संगीता साहू, हरिराम साहू, ग्राम बोडकी अध्यक्ष भोजराम साहू, वेदराम साहू, साहू, गजानंद साहू, गिरवर साहू, रेखा साहू, सोमप्रकाश साहू, घनश्याम साहू, अनुशासन साहू, रूपसिंह साहू, जनपद उपाध्यक्ष योगश साहू, किशोर साहू, शेखर साहू, सालिक साहू, खोमन साहू, तुलाराम साहू, प्रमिला साह, हेमुराम साह, संदीप साहू, गेंदलाल साहू, विष्णु साहू, रेखा साहू, फत्तेलाल साह यशवंत साहू, अरुण साहू, सरपंच जनपद सदस्य आशा राम साहू, बेलर टायल साहू, सरपंच पतोरा उदे राम साहू, सरपंच सिर्रीखुर्द टिकेश साहू, सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू, पवन साहू, पूरन साहू, काशी राम, युवराज, थन्नु साहू, परमेश्वर साहू, नुतन साहू, टायल, होरी, भुषण, गैंद लाल, अंकु साहू, सुदामा साहू, नीरेंद्र साहू, अरूण साहू, टीकम साहू, जागेश्वर साहू उपस्थित थे।

# संस्कार और संस्कृति भी गांव में बसती है : चंद्रशेखर



**नवापारा-राजिम।** छांटा व मंदलोर में आयोजित रामायण प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि तेजी से बढ़ती आधुनिकता और पश्चिमी परिवेश को अपनाने की होड़ के बीच अगर छत्तीसगढ़ में आज भी संस्कार और पुरातन संस्कृति संरक्षित है तो इसका पूरा श्रेय प्रदेश के गांव-गांव में लगातार ऐसे धार्मिक आयोजनो का होते रहना है। कहते हैं भारत आज भी गांव में बसता है, इसी कड़ी में यह भी कहा जा सकता है कि संस्कार और संस्कृति भी गांव-गांव में बसती है। उन्होंने कहा कि धर्म और धार्मिक क्रियाकलापों का हमारे जीवन में आदिकाल से महत्वपूर्ण स्थान रहा है।

धार्मिक क्रियाकलापों से हमें मानसिक और आत्मिक शांति मिलती है इससे समाज में भी शांति बनाए रखने में सफलता मिलती है। श्री साहू ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों के धार्मिक शिक्षक बनकर उन्हें धार्मिक क्रियाकलापों के प्रति सतत जागरूक रखें।

# चेक पोस्ट बना पुलिस कर रही वाहनों की जांच



**मैनपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गरियाबंद जिला पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र के खासकर ओडिशा सीमा व अन्य जिलों से लगे सीमा पर पैनी नजर रखी है। मतदान अपने मतदाधिकार का प्रयोग निष्पक्ष और निर्भक होकर कर सके इसके लिए पुलिस प्रशासन के तरफ सभी माकूल प्रबंध किये जा रहे है। मैनपुर, देवभोग, गरियाबंद जिले में जगह -जगह चेक पोस्ट स्थापित कर पुलिस द्वारा हर आने-जाने वाले वाहनों की जांच अभियान तेज कर दिया गया है।

# पांडुका शक्ति केंद्र में मना भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ पांडुका

भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर शक्तिकेन्द्र पांडुका में भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में शनिवार को स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर श्वेता शर्मा, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप पांडे, भाजपा मंडल भाजपा मंडल उपाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विरेन्द्र कुमार साहू, शिवांगी चतुर्वेदी ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गौतम शर्मा ने किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से रूपसिंग सिंहा, सांसद प्रतिनिधि टीकम साहू, महामंत्री किसन कंदरा, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष जवाहर शर्मा, सोहन साहू, खिलावन सिंहा, केशव साहू, ताराबाई साहू, रेखा साहू, तेषण सिंह ध्रुव, नवीन साहू, मदन निषाद, बसंत चक्रधारी, डोमार साहू, हुकुम साहू, राधा वर्मा, गायत्री पटेल, भावना शर्मा एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।





# परसदा में त्रिदिवसीय रामायण प्रतियोगिता

**नवापारा-राजिम।** परसदा में त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय श्रीराम चरित संगीतमय भव्य मानस गान सम्मलेन का शुभारंभ रामायण मंडली के सदस्यों द्वारा भगवान श्रीराम चंद्र जी के प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया।

यह रामायण प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली मानस मंडली रामकथा का वाचन करेंगी। इस अवसर पर तुलसी के पूजा बालिका मानस मंडली धमतरी के कथा वाचक पूजा सिन्हा ने कहा कि रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है भगवान श्रीराम चंद्र जी के जीवन चरित्र से एक आदर्श नागरिक बनने का अवसर मिलता है वहीं मानस गान से गांव में सुख शांति व भाईचारे की भावना विकसित होती है। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3001, द्वितीय 2500 एवं तृतीय 1500 रखा गया है। कार्यक्रम का संचालन त्रिभुवन साहू ने किया। इस मौके पर भूषण लाल वर्मा, तिलक राम साहू, पूरन लाल साहू, रामकुमार हिरवानी, विनोद सेन, प्रीतराम साहू, चिंताराम साहू, भुनेश्वर साहू, मनीलाल साहू, चोवाराम साहू, सीता राम साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



# बरोंडाबाजार स्कूल में छात्रों को विदाई समारोह हुआ, न्योता भोज भी कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्राथमिक शाला बरोंडा बाजार में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम, शाला प्रबंधन समिति के द्वारा न्यौता भोजन एवं कक्षा पांचवी के बच्चों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे सेवानिवृत्त शिक्षक मोहन साहू ने अपने शिक्षकीय जीवन का अनुभव साझा करते हुए बच्चों को आशीर्वाद स्वरूप भविष्य में निरंतर प्रयत्नशील बने रहने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक मनोहर चक्रधारी ने परीक्षा के समय में समय प्रबंधन व कठिन परिश्रम से लक्ष्य प्राप्ति का मंत्र बच्चों को दिया।



विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद लोचन चक्रधारी ने शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय में अनुकूल स्थिति निर्मित करने के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। सभी अतिथियों द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। संकुल समन्वयक मनोज साहू ने अंगना म शिक्षा कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय के अलावा घर- परिवार में अनुकूल वातावरण निर्मित होने पर बच्चे उत्साह पूर्वक पठन सामग्री पर अपना समझ विकसित कर पाते हैं।

# टाउन हाल में हुआ पत्रकारों का होली मिलन समारोह

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन महासंघ जिला इकाई महासमुंद द्वारा पत्रकार होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन शहर के टाउन हाल झिलमिला में रखा गया था। जिसमें अंचल से लगभग सभी पत्रकार मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। बता दें कि होली मिलन समारोह में पहली बार अंचल के लगभग सभी पत्रकारगण आए हुए थे, जो रंगों से रंगकर धूमधाम से होली मिलन समारोह कार्यक्रम में थिरकते नज़र आए। साथ ही सभी पत्रकारों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर तथा गले मिलकर बधाई दी।

# शांत्रीबाई में मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं शिक्षा संकाय बीएड के संयुक्त तत्वावधान में मूल्य वर्धित 21 दिवसीय पाठ्यक्रम योगा एंड मेडीटेशन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि वक्ता व योग व मेडीटेशन प्रशिक्षक के रुप में उपस्थित सुनिता देवांगन पतंजलि महिला योग समिति संरक्षक एवं सत्यम योगा अकादमी के संचालक सत्यनारायण दुर्गा, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर, आईक्यूएसी समन्वयक देवेंद्र चंद्राकर, नैक समन्वयक शत्रुघन पटेल द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व प्रशिक्षक सुनिता देवांगन द्वारा मेडीटेशन के विषय में छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि मेडीटेशन से हमारे शरीर से नकारात्मक शक्ति को समाप्त कर सकारात्मक शक्ति को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय द्वारा मूल्य वर्धित यह कोर्स विद्यार्थियों के कोर्स से अलग है। इस कोर्स को कराने का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के सभी विभाग के छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर फंडामेंटल, साइबर क्राइम एवं डिजिटल प्लेटफार्म की जानकारी उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि यह कोर्स 10 दिवसीय है। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को अपने कौशल को बढ़ाने का एक अच्छा अवसर है। कंप्यूटर विभागाध्यक्ष एवं आईक्यूएसी समन्वयक देवेंद्र चंद्राकर द्वारा पाठ्यक्रम के प्रथम दिवस पर कम्प्यूटर का परिचय, कम्प्यूटर पार्टस, मेमोरी, डाटा प्रोसेसिंग, इनपुट आउटपुट डिवाइस, कंप्यूटर में ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, किशोर कठार, दिव्या चंद्राकर, लुकेश साहू, गायत्री चंद्राकर, हीना चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, गीतांजलि देवांगन, सोनाली यादव, यमन सिन्हा, गुलाब चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी हीना चंद्राकर एवं घनश्याम साहू ने दी है।

# स्वयंसेवक चला रहे मतदाता जागरुकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

स्व. वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी यूके बरिहा के निर्देशन में स्वयंसेवकों के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को मद्देनजर रखते हुए विभिन्न बूथ स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस जागरुकता कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं स्वीप के कैंपस एंबेसेडर रहे विकास यादव तथा सिंधु जगत को नियुक्त किया गया है। इसी तारतम्य में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा जोगनीपाली के आसपास लोगों को बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लेने एवं निष्पक्ष तथा स्वतंत्र मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक सेत कुमार कोसरिया, राहुल चौहान, सिंधु जगत एवं हेमलता पटेल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।



# भागवत गीता स्वयं भगवान द्वारा दिया गया उपदेश है : परमानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

## ग्राम खड़मा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के समापन समारोह में विधायक शामिल हुए

छुरा विकास खण्ड के ग्राम खड़मा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 29 मार्च दिन शुक्रवार से 6 अप्रेल दिन शनिवार तक आयोजन किया गया।

श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस पर पूज्य बाल योगी विष्णु अरोड़ा के स्थान पर क्षेत्रिय युग पुरोहित परमानंद महाराज के द्वारा गीता पाठ प्रवचन में उन्होंने कहा कि गीता एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें मोह के अंधे के आंख को खोलने का काम गीता ने किया है जो स्वयं अर्जुन ही था। जितने भी सारे ग्रंथ हैं वे सब किसी व्यक्ति महात्माओं के द्वारा लिखे गए ग्रंथ है। पर गीता तो स्वयं भगवान के द्वारा दिए गए उपदेश वाणी है। और आगे उन्होंने कहा कि अर्जुन को सिर्फ परिवार का मोह हुआ था और इसीलिए उन्होंने युद्ध करने के लिए अपने आप को रथ के पिछे में जाकर बैठ गया। जबकि कई बार और युद्ध कर चुका है। अनेकों लोगों को मार चुके हैं, उन लोगों के लिए उन्हें मोह नहीं हुआ, क्योंकि वे लोग उनके परिवार के नहीं थे।

पर परिवार के लोगों को मारने से हिंसा दिखाई दिया। और आज जब अपने परिवार की बात आती है, दादा- दादी, मां - बाप, गुरु तब हमें भी मोह सताने लगता है। तब हम भी मोह के जाल में फंस करके हमें धर्म दिखाई नहीं देता और हम भी चुप बैठ जाते हैं, पर भगवान श्री कृष्ण ने गीता में यही उपदेश दिया है अर्जुन को तुम उठो जागो और अपने धर्म के निमित्त कार्य करो तुम्हारा धर्म क्या कहता है तब भगवान ने उसे विराट रुप को दिखा करके जगाया और जग करके युद्ध के लिए तैयार हुआ। और आज भगवान के साथ रहकर विजय प्राप्त किया।



### गीता का स्वाध्याय करना चाहिए

आगे पुरोहित ने कहा कि जीवन में हमें सिर्फ 9 दिन भागवत सुनने से हमारा मोक्ष प्राप्त नहीं होगा। हमें तो रोज प्रत्येक दिन अपने घरों में श्रीमद् भागवत रूपी ग्रंथ एवं गीता जैसे ग्रंथ को स्वाध्याय करते ही रहना चाहिए और धर्म के मार्ग की ओर आरुड़ होते रहना चाहिए। इस कार्यक्रम के आयोजक के पुर्णाहुति दिवस पर क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र की गरिमामय उपस्थिति रही। साथ ही रामकुमार साहू पुर्व जिलाध्यक्ष भाजपा गरियाबंद, रुपसिंह साहू समाजिक कार्यकर्ता युवा भाजपा नेता, चंद्रशेखर साहू जिलापंचायत सदस्य, मधुबाला रात्रे जिलापंचायत सदस्य, राहुल सेन जिला कोषाध्यक्ष, राजू साहू जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, संदीप पांडे मंडल अध्यक्ष, प्रकाश सिन्हा मंडल महामंत्री, पुष्पलता सिन्हा, मीरा ठाकुर, तारणी ध्रुव, लता साहू, गुलशन सिन्हा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### कर्मा जयंती पर खिचड़ी और लस्सी वितरित

**महासमुंद।** भक्त शिरोमणि माता कर्मा की जयंती पर विठोबा टॉकीज के सामने कर्मा चौक में साहू समाज द्वारा माता कर्मा की पूजा अर्चना कर खिचड़ी एवं लस्सी वितरण किया गया। जिसमें भाजपा जिला उपाध्यक्ष भाऊ राम साहू उपस्थित रहे।

### चैत्र नवरात्र महोत्सव 9 से

**महासमुंद।** चैत्र नवरात्र महोत्सव ग्राम बेमचा स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में 9 से 17 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इस दौरान अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित किए जाने के साथ साधना प्रातः 6 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। 17 अप्रैल को यज्ञ हवन, आरती के साथ समापन होगा। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें ग्राम खरोरा के भाजप बूथ अध्यक्ष कौशल चंद्राकर, उपसरपंच हेमलता चंद्राकर, कुमारी बाई चंद्राकर, कालिंद्री चंद्राकर, सनत वैष्णव, कृष्णा चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर उपस्थित रहे।

### बेमचा में कर्मा जयंती आज

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा के कर्मा मंदिर में 7 अप्रैल को कर्मा जयंती मनाई जाएगी। साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी कर्मा ने भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी खिलाई थी। इसी उत्सव के अंतर्गत कर्मा मंदिर में सुबह पूजा आरती होगी। तत्पश्चात खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसमें सभी श्रद्धालुजनों को उपस्थित होने का आह्वान किया गया है। यह उक्त रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### धारदार हथियार लेकर घूमने वाला गिरफ्तार

महासमुंद। बीते 27 मार्च को सोशल मीडिया में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा रात्रि में धारदार हथियारों को लेकर नगर के गली व मोहल्ले में घूमते हुए सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें 5 लोगों को पकड़ा गया था और मुख्य आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने शुक्रवार को इस मामले के मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी वायरल वीडियो में शामिल मुख्य आरोपी सुशील सोनी पिता राजू सोनी (27) निवासी वार्ड 25 स्वीपर कालोनी महासमुंद डीएमएस स्कूल के सामने तिराहा क्लबपारा महासमुंद में एक लोहे का धारदार फरसा को लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है।

### पेज 11 के शेष

#### सुपेबेड़ा में पीड़ितों ...

पहुंच सभी शाखाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। वार्ड, ओपीडी में मौजूद जरूरी सुविधाओं को नजदीक से देखा। इसके साथ मरीजों से बात कर चिकित्सा सेवाओं का फीडबेक लिया। इतना ही नहीं बेहतर सुविधाएं मरीजों को मुहैया कराई जाए इसके लिए बैठक कर सभी मेडिकल अफसर को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। इसके साथ सुपेबेड़ा में निर्माणाधीन अस्पताल भवन के काम में तेजी लाने को भी कहा है।

## जयंती : साहू समाज के लोग हर क्षेत्र में आगे बढ़ें

# माता कर्मा की मांग को भगवान जगन्नाथ ने बालरूप धारण कर पूरा किया : चंद्रशेखर

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

बाबाकुटि आश्रम में भक्त पाप मोचनी एकादशी पर माता कर्मा जयंती बोरसी साहू समाज परिक्षेत्र द्वारा हर्षोउल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम को पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित करते हुए कहा कि माता कर्मा ने भगवान की ऐसी भक्ति की जिससे भगवान जगन्नाथ को बाल रूप मे आना पड़ा और उनके हाथों से खिचड़ी का भोग खाना पड़ा। माता की भक्ति के सामने भगवान ने भी उनकी मांग को पूरी की। साहू समाज के लोग हर क्षेत्र में आगे बढ़े। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो चाहे सामाजिक क्षेत्र हो या फिर आर्थिक क्षेत्र हो। अपने कर्म को लेकर, अपने लक्ष्य को लेकर समाज को हमेशा चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की प्रेरणादायी बाते ''उठो जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो'' जाय। इस प्रेणदायी बातों को समाज के युवाओं को समाज को आगे बढ़ाने के लिए अनुशरण करना होगा।

राजिम भक्तिन मंदिर के संरक्षक रामू राम साहू ने भक्त कर्मा माता के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि पिछड़े और शोषित लोगों को मंदिर में प्रवेश को लेकर माता ने अमूल्य संघर्ष किया। उन्होंने समाज के लोगों को नशापान से दूर होने प्रेरित किया। राजिम भक्ति मंदिर के उपाध्यक्ष बोधन साहू ने माता कर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए गये मार्ग पर चलने प्रेरित किया। इसके पहले पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर के आगमन पर समाज के लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। चंद्रशेखर साहू ने भक्त कर्मा माता के मंदिर में जाकर माता की पूजा आरती की। मंच में पूर्व कृषि मंत्री सहित सभी अतिथियों का श्रीफल साफा भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिव्यांग संघ के जिलाध्यक्ष जागेश्वर साहू ने किया।





### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नगर साहू समाज फिंगेश्वर के पूर्व अध्यक्ष भुवन साहू, व्यवसायी नोसराम साहू, बोरसी साहू समाज के परिक्षेत्र के अध्यक्ष गोवर्धन साहू, उपाध्यक्ष ओंकार साहू, महिला उपाध्यक्ष सुनिती साहू, कोषाध्यक्ष चिन्ता राम साहू, उपाध्यक्ष बलराम सचिव चम्मन साहू, सह सचिव सियाराम, यशवंत साहू, संरक्षक गण कमलेश साहू बिसाहू, श्रीराम, नारायण साहू, रामू साहू, ऐनसिंग साहू, द्वारिका, सुखीराम, पत्रकार दीपक पोद्दार सहित साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

## मां कर्मा का संदेश देने गांव-गांव पहुंचा रथ

**छुईहा बेलर।** साहू समाज परिक्षेत्र बेलर के तत्वावधान में भक्त माता कर्मा जयंती पर कर्मा रथ निकाली गई। साहू समाज परिक्षेत्र बेलर अध्यक्ष प्रवीण साहू ने कहा कि परिक्षेत्र बेलर के तत्वावधान एवं ग्राम साहू समाज बोड़की के संयोजन में पापमोचनी एकादशी 5 अप्रेल को भक्त माता कर्मा जंयती और महारती का आयोजन किया गया।

इससे पहले भक्त माता कर्मा रथ के माध्यम से कर्मा संदेश बेलर से 3 अप्रैल को साहू समाज जिला अध्यक्ष नारायण साहू, सरपंच बेलर टायल साहू ने हरि झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद रथ पतोरा पतोरी परसदाकला, खुडसा, गनियारी, चरभट्ठी, देवगांव, सिर्रीखुर्द, कुण्डेल, छुईहा, जमाही, चरौदा, जोगीडीपा फुलझर बोडकी में 5 अप्रैल को समापन हुआ। रथ में माता की फोटो कलश से सजाया गया है। सभी गांवों में साहू परिवार सहित सिन्हा, यादव, निषाद कंवर हर वर्ग के लोगो ने रथ की पुजा अर्चना आरती किया गया, जहां श्रद्धालूओं को प्रसादी वितरण किया जा रहा था। रथ के साथ नेतृत्व कर्ता प्रवीण साहू, गजानंद साहू, गिरवर साहू ,ग्राम बोडकी अध्यक्ष भोजराम साहू, वेदराम साहू, रेखा साहू, अंकु साहू, सुदामा साहू, नीरेंद्र साहू, अरूण साहू, टीकम साहू, जागेश्वर साहू इत्यादि उपस्थित थे।



## 400 पार के नारे के साथ रोहित ने किया कार्यकताओं से जनसंपर्क



**मुड़ागांव(कोरासी)।** राजिम विधान सभा के विधायक रोहित साहू ने 400 पार के नारे के साथ गांव- गांव में जाकर कार्यकर्ताओ तथा आम जनो से जाकर मुलाकात कर रहे है तथा फिर से भाजपा सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओ के घर जाकर भेट मुलाकात कर रहे है। इसी तारतम्य में भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष गुलशन सिन्हा के यहां सभी कार्यकर्ताओ के साथ चर्चा करके हर बूथ लीड करने का मूलमंत्र दिया तथा आम जनों के समस्या निवारण किया तद उपरांत सभी कार्यकर्ताओ के साथ बैठकर भोजन पे चर्चा किया एवं गुलशन के परिवार के द्वारा विधायक जी का श्री फल तथा श्रीमदभागवत गीता भेट कर सम्मान किया गया। तथा फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। जिसमे प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला के कोषअध्यक्ष राहुल सेन, मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय, किशान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीष हरित, भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राजू साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता बोधन साहू, जिला पंचायत सभापति मधुबाला, जनपद सभापति पुष्पलता सिन्हा, मीरा ध्रुव, लता साहू, तारिणी ध्रुव, नीतू भोसले मुकेश पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। तथा इसके बाद ग्राम जारगांव, रवेली के कायकर्ताओ से जन संपर्क किया गया। तथा क्षेत्रीय जन मानस से मिलकर क्षेत्र में आ रहे समस्याओं का निराकरण किया।

## कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज ने किया जनसंपर्क



**छुरा।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस के प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कई गांव में पहुंचकर जनसंपर्क किया एवं साप्ताहिक बाजार में जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगा। उन्होंने सोरिद, मुड़ागांव, रानीपरतेवा, खड़मा, लोहझर में लोगों से मुलाकात कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाव सिंह साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रचार में भाग लेने की अपील करते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर समद खान रिजवी, मक्कू दीक्षित, प्रहलाद यदु, चमन साहू, देव सिंह रात्रे, मोती साहू, नथमल शर्मा, रमेश शर्मा, रूपेश साहू, न्याज अहमद, भानु प्रताप भारद्वाज, पंचराम टंडन और नीलकंठ ठाकुर, आकाश दीक्षित, विकास तिवारी, दीपक चंद्राकर एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रामायण कथा से गांव में आती है सुख, शांति : धनेंद्र



**नवापारा-राजिम।** ग्राम छांटा एवं जवईबाँधा में त्रिदिवसीय मानस गान सम्मेलन के आयोजन में पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने सबसे पहले भगवान श्रीराम चंद्र जी की प्रतिमा का पूजा-अर्चना कर धर्म प्रेमी, श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम में धार्मिक कार्यक्रम आयोजन करने से सुख -शांति, अमन, चैन एवं भाई चारा स्थापित होता है।

भगवान के आदर्श को मंच के माध्यम से रामायण कथा का प्रचार-प्रसार विदुषियों एवं रामायण के ज्ञाताओ ने जो बीड़ा उठाया है वह निश्चित ही मानव समाज के लिए प्रेरणा साबित होगा। श्री साहू ने कहा कि जब-जब धरती में धर्म का ह्रास हुआ है तब तब कोई न कोई चमत्कारी युग पुरुष जन्म लेकर धर्म को बचाने एवं धर्म के प्रति आस्था एवं विश्वास जगाने का कार्य किया है। कार्यक्रम में चंद्रहास साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण, भूपेंद्र साहू जनपद सदस्य, ताराचंद साहू, खेलन साहू, मालिक साहू, राधेश्याम साहू, कमल नारायण साहू, गोपाल साहू, लालजी साहू, डाहरू साहू, चिंता यादव, पीआर तारक, मुकेश साहू, फूल जी यादव, बलराम ध्रुव, डोमन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बकली में मनाई गई माता कर्मा जंयती

**राजिम।** ग्राम बकली के ग्रामीण साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि माता कर्मा जंयती हर्षोल्लास से मनाई गई। सर्वप्रथम मां कर्मा का आरती वंदन कर समाज के माताओं और समाजजनो द्वारा भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। बस्ती पारा से होते हुए शीतला मंदिर तक भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में साहू समाज के अध्यक्ष डॉ चंद्रिका साहू, भारत साहू, राम सहदेव साहू, गुलाल साहू, हीराधर साहू, अंजोर साहू, शाशिकांत साहू, ओमप्रकाश साहू, टीकमचंद साहू, त्रिलोचन साहू, जयपाल साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।



## प्रधानमंत्री मोदी देश के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं : डमरूधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के विभिन्न बुथों में स्थापना दिवस धुमधाम के साथ मनाय गया, भाजपा मंडल गोहरापदर में पार्टी के स्थापना दिवस पर विभिन्न स्थानो में स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने गांव -गांव में पार्टी ध्वज फहराया गया। मंडल मुख्यालय गोहरापदर में पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें बजरंग चौक स्थित भाजपा मंडल कार्यालय के समक्ष बिन्द्रानवागढ के पूर्व विधायक डमरुधर पुजारी ने ध्वज वंदन किया एवं सभी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। पुजारी ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पुनः तीसरी बार सरकार बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री पुनीतराम सिन्हा, अजा मोर्चा जिला महामंत्री चौनसिंह कश्यप, विधानसभा विस्तारक



कुश यादव, महामंत्री व्दय तानसिंह मांझी, मोहित यादव, कोषाध्यक्ष सोभितराम ध्रुवा, मंत्री उग्रसेन साहू, लम्बोदर साहू, बेनुराम नागेश, शेख शलाबुद्दीन, हेमराज मांझी, टेलुराम कश्यप, राजेन्द्र यादव, गणेश नागेश, गयाराम मांझी सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## 75 छात्रों को 95 हजार 500 रुपए का दिया गया स्टायफंड

# इंटर्नशिप प्रमाणपत्र व राशि देकर छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शासकीय हरिहर स्कूल के कक्षा 11 वीं तथा 12वीं के मीडिया, कृषि के छात्रों को सीएमओ प्रदीप मिश्रा द्वारा इंटर्नशिप प्रमाणपत्र तथा राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मीडिया, कृषि के 75 छात्रों को 95 हजार 500 रुपए का स्टायफंड दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमओ प्रदीप मिश्रा ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए शिक्षा में व्यवसायिक, प्रशिक्षण के महत्व को बताया। शाला में संचालित मीडिया विषय के संबंध में छात्रों को देश का चौथा स्तंभ होने की जानकारी दी। कृषि को जीवन का आधार बताया। मीडिया के छात्रों के प्रशिक्षण के लिए नए डीएसएलआर कैमरा से फोटो खींचकर उदघाटन किया। कार्यक्रम में व्यवसायिक प्रशिक्षिका सोमा शर्मा तथा सोनू साहू द्वारा शाला में संचालित व्यवसायिक शिक्षा के प्रशिक्षण तथा छात्रों के रोजगार की जानकारी दी। शाला की प्राचार्य संध्या शर्मा द्वारा अतिथियों के समक्ष शाला का प्रतिवेदन पढ़ा गया। पीटीआई एसएन देवांगन द्वारा आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। 10 दिवसीय इंटर्नशिप के दौरान मीडिया के छात्रों ने फोटो स्टूडियों में फोटोग्राफी, फोटोशॉप, विडियो एडिटिंग तथा फोटोकॉपी की दुकान में फोटोकॉपी, प्रिंट निकालना, स्कैन करने के प्रशिक्षण लिए। कृषि के छात्रों ने नर्सरी में आधुनिक तकनीक,खाद से फल, फूल पौधे का प्रशिक्षण लिया। हरिहर शाला में व्यवसायिक शिक्षा योजना के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं के चयनित छात्रों को मीडिया तथा कृषि विषय में प्रशिक्षण व रोजगार के उद्देश्य से कक्षा 11वीं तथा 12वीं के छात्रों को 10 दिवसीय इंटर्नशिप कराया जाता है। प्रमाणपत्र सहित 1300 रुपए छात्रों को दी जाती है। इस दौरान इंटर्नशिप प्रमाणपत्र, स्टायफंड राशि के वितरण के दौरान शाला की प्राचार्य संध्या शर्मा,वरिष्ठ व्याख्याता महेशराम नेताम, एसएन देवांगन, बीएल अवसरिया, संकुल समन्वयक विनोद साहनी,ओपन के केंद्राध्यक्ष डीके देवांगन, दीनबंधु साहू,अर्चना रणसिंह उपस्थित थे।



## भेण्डरी में मनी कर्मा जयंती



**नवापारा-राजिम।** भेण्डरी ग्रामीण साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि माता कर्मा जयंती बड़े हर्षोल्लास धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मां कर्मा का आरती वंदन कर समाज के माताओं और समाजजनो द्वारा भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गई जिसमें बस्ती पारा मौहापारा चांदापारा भ्रमण किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठो का सम्मान व 10वीं और 12वीं में प्रथम श्रेणी में आए हुए छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मां कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि के रूप में आशाराम साहू, विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रीतराम देवांगन, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष घनश्याम साहू, डॉ. चुम्मन साहू, राजू साहू, भोला साहू , होबलाल साहू, सेवकराम साहू, देवीप्रसाद साहू, गिरीश साहू, यादराम साहू, कृष्ण साहू, दिलीप, भगवान दास साहू, भुषण लाल साहू, ज्ञानचंद साहू, रामू साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या मौजूद थे।

# पीने के पानी के लिए ग्रामीणों ने खाली बर्तन लेकर किया जमकर प्रदर्शन

## सोमवार तक पानी का इंतजाम नहीं हुआ तो नेशनल हाईवे जाम करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के झराबहाल गांव में पेयजल के इकलौते सोर्स को नेशनल हाईवे में हो रहे निर्माण कार्य के कारण बंद कर दिया गया है। ऐसे में ग्रामीणों को पानी की भारी समस्या हो रही है। शनिवार को दोपहर बाद 70 से ज्यादा महिलाओं ने निर्माणाधीन नेशनल हाईवे में खाली बर्तन लेकर जमकर हंगामा किया। दो घंटे तक महिलाएं प्रदर्शन करती रहीं। अब सरकारी दफ्तर खुलने का इंतजार है। प्रदर्शनकारियों ने सोमवार तक पानी का इंतजाम नहीं हुआ तो नेशनल हाईवे जाम करने की चेतावनी दी है, दरअसल, उनके गांव के लिए 20 दिन पहले तक पीने की पानी की सप्लाई हो रही थी।



### गंदे पानी में नहाने से खुजली की शिकायत

ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि गांव के नजदीक बहने वाले बेलाट नाले की सफाई पंचायत से कराया जाना था। इसके लिए मद भी आए, लेकिन निस्तारी घाट से लेकर अंतिम छोर तक फैले घास फूस सफाई की पोल खोल रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि सफाई नहीं होने के कारण निस्तारी नहीं हो पाता। गंदा पानी से नहाने से खुजली की शिकायत है। इस मामले में एसडीएम हितेश पिस्दा ने कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था के बिना पेयजल बंद किया जाना गलत है. पीएचई से बात करता हूं, जल्द ही पेयजल व्यवस्था कराया जाएगा।

सड़क निर्माण कार्य में मिट्टी पटाई शुरू हुई तो बोरवेल को बंद कर दिया गया। इसके बाद गांव में पेयजल संकट गहरा गया। महिला उर्मिला बाई, गायत्री और अन्य ने बताया कि झराबहाल के उपरपारा में रहने वाले 200 परिवार के लिए पीने का पानी इसी सोर्स से जाता था। गांव में एक सोलर पंप भी है, लेकिन वहां का पानी पीने और खाने में इस्तेमाल नहीं करते। पेयजल के लिए मेन रोड में मौजूद हैंडपंप पर ही सभी निर्भर हैं। जल स्रोत नीचे जाने से यह इकलौता हैंडपंप भी प्यास बुझाने में नाकाम साबित हो रहा है। दो घंटे के इस्तेमाल के बाद पंप सुख जाता है। दोपहर 3 बजे से लेकर रात 11 बजे तक घर की महिलाएं केवल पानी की जुगत में भिड़ी रहती हैं।

## खबर संक्षेप

### मां डुमेश्वरी मंदिर में होगा ज्योति कलश प्रज्ज्वलित



**मुड़ागांव(कोरासी)**। आदिभवानी जगतजननी मां डुमेश्वरी की पावन स्थली एवं परम श्रद्धेय श्री उमेशानंद गिरी जी छत्तीसगढ़ मंडल श्री महंत आवाहन अखाड़ा की तपोभूमि डुमरखोल ग्राम बम्हनी में माता डुमेश्वरी में चैत्र नवरात्र पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जा रहा है। ज्योत जलाने समिति के सदस्य से सम्पर्क कर सकते हैं। ज्योति कलश स्थापना 9 अप्रैल को और माता श्रृंगार (पंचमी) 13 अप्रैल एवं दुर्गा अष्टमी (हवन) नौ कन्या भोज एवं भंडारा 16 अप्रैल को होगा। जिसकी तैयारी में समिति के सदस्य लगे हुए हैं।

### प्रत्युष का नवोदय में चयन

**कोपरा**। शासकीय प्राथमिक शाला मुड़तराई संकुल कोपरा से छात्र प्रत्युष कैवर्त पिता प्रमोद कैवर्त सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला मुड़तराई का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। इस शाला में प्रमोद कैवर्त 2017 से अध्यापन कार्य कर रहे हैं तब से वह प्रत्येक वर्ष बच्चों को नवोदय की तैयारी करवाते आ रहे हैं। जिसके फ्लस्वरूप सन 2018 में कुमारी डगेश्वरी ध्रुव, सन 2020 में जिनेन्द्र ध्रुव और इस वर्ष उनके बेटे प्रत्युष कैवर्त का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। इस उपलब्धि पर शाला परिवार, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोहित ध्रुव, उपाध्यक्ष टेमन यादव एवं सदस्यगण तथा शिक्षकगण सेवा राम साहू, आशा राम साहू, द्विज राम जांगड़े, रुपेश वर्मा, वीरेंद्र साहू, पहल नवयुवक मंडल मुड़तराई के अध्यक्ष हुलास साहू, पिंटू वर्मा, शासकीय माध्यमिक शाला के अध्यक्ष उदल सिंह कंवर, कूर्मि समाज के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा आदि द्वारा छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### मारपीट कर धारदार हथियार से चोट पहुंचाया

**महासमुंद**। युवक से मारपीट करने का मामला सामने आया है। सांकरा पुलिस ने बताया कि पुरूषोत्तम साहू पिता धोबा साहू (35) ग्राम बरनईदादर निवासी के साथ आरोपी बसंत बरिहा, गोकुल बरिहा ने पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार से सिर में चोट पहुंचाया एवं जान से मारने की धमकी दी।

### लावारिस हालत में सड़क किनारे खड़ा मिला सीमेंट से भरा ट्रक



महासमुंद। जिले के सिंघोड़ा पुलिस ने खम्हारपाली के पास लावारिस हालत में खड़े एक ट्रक को बरामद किया है। इस ट्रक में सीमेंट भरा हुआ था। पुलिस ने बताया कि ग्राम खम्हारपाली के पास लावारिश हालत एक ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेबी 7168 पाया गया। वाहन चालक एवं वाहन मालिक के संबंध में पता तलाश किया गया, लेकिन उनके संबंध में कुछ पता नहीं चलने पर ट्रक की जांच की की गई। वाहन के अंदर 440 पैकेट सीमेंट कीमत 132000 रुपए लोड मिला। पुलिस ने इस वाहन को जब्त किया है।

## प्रवचन : नगर में चल रहे श्रीमद भागवत महापुराण में कथा सुनने पहुंचे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि

# तीन पग मांगकर विष्णु ने पूरी दुनिया नाप दी पर राजा बलिदान से नहीं डिगे, यही संकल्प है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा







श्रीमद् भागवत कथा ऐसा साधन है, जिससे इंसान को अनंत काल से चले आ रहे जन्म और मृत्यु के काल चक्र से मुक्ति मिल जाती है। आजकल चारों तरफ अराजकता का भाव आ गया है क्योंकि आज लोग आधुनिकता के दौड़ में लगे हुए हैं। मनुष्य को ये समझना चाहिए कि आधुनिकता के साथ आध्यात्मिकता को भी साथ रखें और भगवान की कथा को श्रवण करना चाहिए। कथा व्यास पीठ से पंडित रत्नेश राम मिलन ने कथा के पांचवे दिन श्रद्धालुओं को कथा के माध्यम से उक्त बाते कही। महराज ने भगवान श्री कृष्ण के, जन्म उत्सव, राम जन्म, वामन अवतार, गोवर्धन पूजा सहित अन्य कई अवतारो पर चर्चा की। इस दौरान जीवन्त झाकियों के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पुरा पंडाल नन्द के घर आनन्द भयौ जय कन्हैया लाल की, के उद्घोस से गूंज उठा। जन्मोत्सव के समय सभी श्रोतागण झुमने व नाचने लगे। सुमधुर भजनों के साथ कथा श्रवण करने भक्तों की भीड़ उमड पड़ीं। वहीं वामन अवतार की कथा में महराज ने बताया कि प्रभू ने पहले पग में राजा बली का मन नापा, दूसरे पग में पूरी श्रष्टी धन को नाप दिया। जब तीसरे पग की बारी आयी, तो राजा बली भी मुक हो गये। तभी उसकी पत्नी आगे आयी और राजा बली से अपना तन भगवान को अर्पित कर देने की बात कही।

- कथा के पांचवे दिन श्री कृष्ण जन्म प्रसंग पर जीवन्त झांकी, एवं गीत-संगीत पर झूम उठे श्रोतागण

राजा बलि ने अपना तन, मन व धन भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया। वहीं भगवान श्री राम कथा का वर्णन करते हुए कथा वाचक पंडित रत्नेश महराज ने मनुष्यों को श्री राम के जीवन चरित्र का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान श्रीराम चरित मानस के दोहों व चौपाईयों का संक्षेप में वर्णन करते हुए उसका सार बताया।

### धर्म की स्थापना के लिए होता है भगवान का अवतार

कथा वाचक ने वामन अवतार की लीला के बारे मे चर्चा करते हुए कहा कि जब जब धरा पर अत्याचार, दुराचार व पाप बढ़ता है तब-तब प्रभू का अवतार होता है। प्रभू का अवतार अधर्म का विनाश और धर्म की स्थापना के लिए होता है। उन्होने कहा कि मथुरा में राजा कंस के अत्याचार से व्यथित होकर, धरती की करण पुकार सुनकर, नारायण ने कृष्ण के रूप में देवकी की अष्टम पुत्र के रुप मे जन्म लिया। और अतातायी, अधर्मी राजा कंस का वध कर धर्म और प्रजा की रक्षा किया। उन्होने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य बड़ा दुर्लभ है, जब भी हमें अवसर मिले इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनना तभी सार्थक होगा, जब उसके बताए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करेंगे। वहीं 6 वे दिन की कथा में भगवताचार्य ने श्री कृष्ण के बाललीलाओ का वर्णन, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, रुखमनी विवाह का जीवन्त झांकी के साथ सुन्दर वर्णन किया। जहां मधुर गीत संगीत की धुन में भावुक श्रोताओं ने नृत्य किये।

### भगवत गीता से हमें मिलती है प्रेरणा

वहीं क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों का आवाजाही बना रहा। इसी तारतम्य में पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल, सामाजिक कार्यकर्ता रुप सिंग साहू, आध्यात्मिक वक्ता ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी का आगमन श्रीमद भागवत कथा सुनने हुआ। आयोजक यादव परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। सभी आगन्तुक जनप्रतिनिधि अतिथियों ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम अपने जीवन में धर्म को अपना मानकर कर्म करें तो पुण्य की प्राप्ति होती है। जो श्रीमद भगवत गीता से हमें प्रेरणा मिलती है। सभी ने आयोजक परिवार को बधाई दियेइस अवसर पर हजारों की संख्या में नगर एवं क्षेत्र भर से आये, धर्म प्रेमी युवा माताये, बहने, वरिष्ठ जन, किसान, व्यापारी व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समाज सेवा सबसे बड़ी सेवा : सोमनाथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मरार पटेल समाज के तत्वावधान में नव नियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह व होली मिलन में प्रदेश महामंत्री, जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल, राज संरक्षक आशाराम पटेल, राज कोषाध्यक्ष कैलाश पटेल, राज उपाध्यक्ष दामोदर पटेल, उत्तम पटेल, पूर्व अध्यक्ष शीतल पटेल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाज में अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को सच्ची निष्ठा से पूरा करने हेतु शपथ दिलाया। शपथ लेने वालो में नगर अध्यक्ष भुखन पटेल, सचिव कमल पटेल, कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष संजू पटेल, उपाध्यक्ष पन्ना पटेल, शेषनारायण पटेल, चद्रिरका पटेल, राजेश पटेल, सह सचिव दिलीप पटेल, सलाहकार जगन्नाथ पटेल, संतोष पटेल, महेश पटेल, मिडिया प्रभारी अजय पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपिका पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मोना पटेल शामिल थी। इस अवसर पर होली मिलन में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर भाई चारा के साथ होली की बधाई दी गई।

### अच्छे कार्य करने वालों को किसी पद की जरुरत नहीं होती

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री व जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल ने कहा कि समाज की सेवा करना सबसे बड़ी सेवा है, पद छोटा या बड़ा नहीं होता, अच्छे कार्य से मनुष्य व उसके पद की पहचान होती है, अच्छे कार्य करने वालों को किसी पद की जरूरत नहीं होती, पद स्वमेव चला आता है इसलिए ईमानदारी से समाज सेवा करते रहना चाहिए। राजिम नगर में हमारा समाज बहुत ही संगठित है, जिसके कारण प्रतिवर्ष भव्य शाकम्भरी जयंती व हजारों लोगों को निशुल्क सब्जी वितरण किया जाता है। कहा कि समाज का शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक विकास करना हम सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में किशोर पटेल, किशन पटेल, मेहत्तर पटेल, गोपाल पटेल, नंदन पटेल, गज्जू पटेल, हरिशंकर पटेल, रामकुमार पटेल, संदीप पटेल, हरिशंकर पटेल, मेहत्तर पटेल, शांति पटेल, जानकी पटेल, राधारानी पटेल, कलिंदरी पटेल, गिरजा पटेल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

# फार्मेसी काउंसिल की समस्याओं को सुलझाना हमारी प्राथमिकता : अरुण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

काउंसिल तुंहर दुवार कार्यक्रम के अंतर्गत आईएसबीएम विश्वविद्यालय फार्मेसी संकाय एवं छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के तत्वाधान में एक दिवसीय स्टूडेंट्स इंटरएक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरुण मिश्रा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल रायपुर, विशिष्ट अतिथि अश्वनी गुर्देकर सचिव, छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल, रायपुर, सहित विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आनंद महलवार, कुलसचिव विश्वविद्यालय डॉक्टर बीपी भोल, डीन आईएसबीएम डॉक्टर एन कुमार स्वामी उपस्थित रहे। स्वागत भाषण के अपने उद्बोधन में आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर बीपी भोल ने बताया कि फार्मासिस्ट की क्या रूल्स और रेगुलेशन है उसको पालन करना ही उसे फार्मासिस्ट की गुणवत्ता में सुधार लाता है। मुख्य अतिथि अरुण कुमार मिश्रा छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष ने बताया कि छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल में छात्रों को बहुत ही समस्याओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन हमारे अध्यक्ष बनने से इस प्रक्रिया को बहुत ही सरल और लचीला किया गया। जिससे नए फार्मासिस्टों को पंजीयन एक महिने के अंतर्गत हो जाए। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान स्कूल ऑफ फार्मेसी के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी साहू, ओमप्रकाश साहू, पूनम राजपूत, लुकेश्वरी वर्मा एवं सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा।

### भाजपा के पास अब मूल भाजपाई काबिल नेताओं का टोटा : धनेंद्र



**नवापारा-राजिम**। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने शनिवार को भाजपा नेताओं के ऊपर आरोप लगाते और चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा के पास अब मूल भाजपाई काबिल नेताओं का टोटा लग गया है। इसलिए भाजपा पूरे देश में आउटसोसिंर्ग के माध्यम से अपना कुनबा बढ़ाने में लगी हुई है। इसके लिए बाकायदा अन्य पार्टियों के काबिल नेताओं को कहीं प्रलोभन देकर तो कहीं ईडी, आई टी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का डर दिखाकर अपने पाले में किया जा रहा है। श्री साहू ने कहा कि अब प्रदेश भी इससे अछूता नहीं है। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस के महापौर पर अविश्वास प्रस्ताव, भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप वाले नेताओं को भाजपा प्रवेश कराकर भाजपा ने कौन सा कीर्तिमान स्थापित किया है? इससे स्पष्ट हो गया है कि भाजपा के पास काबिल नेताओं की कमी हो गई है। श्री साहू ने बताया कि बस्तर में अन्य पार्टियों के भ्रष्ट नेताओं को अपनी पार्टी में लाकर उनके पाप धोने में भाजपा लग गई है। भाजपा के 152 से ज्यादा सांसद कभी कांग्रेसी रहे हैं, वहीं भाजपा के 8 राज्यों के मुख्यमंत्री या तो कांग्रेस से आउटसोर्स किए गए हैं या अन्य पार्टियों से। भाजपा के मूल कार्यकर्ताओं से कार्य लिया जा रहा है,वहीं दूसरे दलों से आए नेता आज सत्ता का पूरा सुख भोग रहे हैं।

# 'भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी'

## भाजपा के स्थापना दिवस में पहुंचे पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भारतीय जनता पार्टी का शनिवार को स्थापना दिवस ग्राम गिरसुल में मनाया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे।

इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की छायाचित्र की पुजा अर्चना कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा कि आज भाजपा ने अपने स्थापना के 44 वर्ष पूर्ण कर लिए है। हमारे पार्टी की निरंतरता ही सफलता का कारण है। आज इसी वजह से संगठन इतना विस्तृत हो रहा है श्री मांझी ने कहा भाजपा आज विश्व के सबसे बडी पार्टी है ये हमारे लिए गर्व की बात है कि हम विश्व के सबसे बड़े संगठन के कार्यकर्ता है ।

जनपद पंचायत अध्यक्ष नेहा दीपक सिंघल ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है और आज हम सभी यहा भाजपा के स्थापना दिवस मना रहे है जो हम सब के लिए गौरव की बात है, कि भाजपा आज देश के सबसे बडी पार्टी है, विश्व के सबसे बडी राजनीतिक पार्टी भाजपा का स्थापना दिवस भाजपा परिवार के सदस्यों के लिए महत्वपूर्ण दिन है, राष्ट्रवाद एकात्मक मानवतावाद के विचार को साकार करने की दिशा में पार्टी कार्य कर रही है, इस मौके पर प्रमुख रूप से रुद्राक्ष साहू, रोहित पटेल, लेबानो धूरु, जयद्रथ बेसरा, जगमोहन पटेल, मिलाफ ठाकुर, अनिल बेहरा रंजित पात्र, सुसील यादव, मैनाबाई, देवीसिंग साहू, रूपदास मरकाम आदि उपस्थित थे।

# मरीजों ने ली शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शनिवार को विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अमला एवं अस्पताल में मरीजों को मतदान करने की शपथ दिलाई। इस दौरान डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव ने कहा कि गरियाबंद जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने सभी लोगों से अपील किया कि स्वंय मतदान करें और अपने आसपास पडोस, रिश्तेदार, दोस्तों को भी मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉक्टर केडी जोगी, डॉक्टर तनुजा ठाकुर, सुनिता ठाकुर, प्रकाश पटेल, मंगलू ध्रुव, आरडी निषाद, राजेश यादव, बिरसिंह तिरधारी, महेन्द्र, सीता टांडिया, श्रध्दा सिन्हा एवं बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



हरिभूमि
**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

